© प्रकाशक :
आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान
पद्मिनी मार्ग, राजस्थान पत्रिका के पास
उदयपुर-(राज०) ३१३००१

संस्करण : प्रथम १९९१

मूल्य : रु० ३५-००

CAṀDĀVEJJHAYAṀ PAIṆṆAYAṀ
Hindi Translation by
Suresh Sisodiya

Edition : First 1991

Price : Rs. 35-00

मुद्रक : वर्द्धमान मुद्रणालय, जवाहरनगर, वाराणसी

प्रकाशकीय

अर्द्धमागधी जैन आगम-साहित्य भारतीय संस्कृति और साहित्य की अमूल्य निधि है। दुर्भाग्य से इन ग्रन्थों के अनुवाद उपलब्ध न होने के कारण जनसाधारण और विद्वद्वर्ग दोनों ही इनसे अपरिचित हैं। आगम ग्रन्थों में अनेक प्रकीर्णक प्राचीन और आध्यात्म प्रधान होते हुए भी अप्राप्त से रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि पूज्य मुनि श्री पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित इन प्रकीर्णक ग्रन्थों के मूल पाठ का प्रकाशन श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से हो चुका है, किन्तु अनुवाद के अभाव में जनसाधारण के लिए वे ग्राह्य नहीं थे। इसी कारण जैन विद्या के विद्वानों की समन्वय समिति ने अनुदित आगम ग्रन्थों और आगमिक व्याख्याओं के अनुवाद के प्रकाशन को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया और इसी सन्दर्भ में प्रकीर्णकों के अनुवाद का कार्य आगम संस्थान को दिया गया। संस्थान द्वारा देवेन्द्रस्तव व तन्दुलवैचारिक नामक दो प्रकीर्णक अनुवाद सहित प्रकाशित किये जा चुके हैं।

हमें प्रसन्नता है कि संस्थान के सह शोध अधिकारी श्री सुरेश सिसोदिया ने 'चन्द्रवेध्यक-प्रकीर्णक' का अनुवाद सम्पूर्ण किया। प्रस्तुत ग्रन्थ की सुविस्तृत एवं विचारपूर्ण भूमिका संस्थान के मानद् निदेशक प्रो० सागरमल जी जैन एवं श्री सुरेश सिसोदिया ने लिखकर ग्रन्थ को पूर्णता प्रदान की है, इस हेतु हम उनके कृतज्ञ हैं। हम जैन विद्या के मूर्धन्य विद्वान् पं० दलसुखभाई मालवणिया के भी विशेष आभारी हैं, जिन्होंने प्रस्तुत अनुवाद का सम्यक् पर्यावलोचन कर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

हम संस्थान के मार्गदर्शक प्रो० कमलचन्द जी सोगानी, सह निदेशिका डॉ० सुषमा जी सिंघवी एवं मंत्री श्री फतहलाल जी हिंगर के भी आभारी हैं, जो संस्थान के विकास में हर सम्भव सहयोग एवं मार्गदर्शन दे रहे हैं। संस्थान के शोधाधिकारी डॉ० सुभाष कोठारी भी संस्थान की प्रकीर्णक अनुवाद योजना में संलग्न हैं अतः उनके प्रति भी आभारी हैं।

प्रकाशन की इस वेला में हम पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी के पदाधिकारियों के प्रति भी आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने

प्रस्तुत पुस्तक को परिपूर्ण करने में एवं मुद्रण के कार्यों हेतु हमें सुविधा प्रदान कर सहयोग दिया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन में श्रीमान् भँवरलाल जी सा० वैद ने दस हजार रु० का अनुदान प्रदान किया है, अतः हम उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। ग्रन्थ के सुन्दर एवं सत्वर मुद्रण के लिए हम वर्द्धमान मुद्रणालय के भी आभारी हैं।

गणपतराज वोहरा
अध्यक्ष

सरदारमल कांकरिया
महामंत्री

प्रस्तुत पुस्तक के अर्थ-सहयोगी
श्री भँवरलाल जी सा० वैद

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन के लिए श्रीयुत् भँवरलाल जी सा० वैद, कलकत्ता द्वारा अर्थ सहयोग प्रदान किया गया है। आप बीकानेर संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व० श्रीयुत् जसराज जी सा० वैद के ज्येष्ठ सुपुत्र हैं। श्री वैद सा० मूलत: बीकानेर के निवासी हैं एवं वर्तमान में आप कलकत्ता में व्यवसायरत हैं। आप तरुण टेक्सटाइल, कलकत्ता के संस्थापक-संचालक हैं।

आप एक प्रसिद्ध उद्योगपति हैं। अपने व्यवसाय में अतिव्यस्त रहते हुए भी आप समाज एवं संघहित के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। आपके दो अनुज श्री झँवरलाल जी वैद एवं श्री रिखबचन्द जी वैद हैं। तीनों भाई एवं पूरा परिवार धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत हैं।

श्रीयुत् वैद सा० अत्यन्त उदार एवं सरल स्वभावी हैं। आप सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा सम्बन्धी रचनात्मक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं और तन-मन-धन से उसमें सहयोग प्रदान करते हैं।

वर्तमान में आप निम्न संघों एवं संस्थाओं में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

(१) अध्यक्ष—श्री अ० भा० साधुमार्गी जैन संघ, बीकानेर
(२) अध्यक्ष—श्री श्वे० स्थानकवासी जैन सभा, कलकत्ता
(३) अध्यक्ष—श्री सु० शिक्षासांड सोसायटी, नौखा

आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान की प्रवृत्तियों में आपकी प्रारम्भ से ही रुचि रही है एवं उदारतापूर्वक संस्थान के कार्यों में आप अर्थसहयोग देते रहे हैं।

श्री वैद सा० का यह सहयोग उनके साहित्य एवं शोध के प्रति प्रेम का ही परिचायक है।

●

विषयानुक्रम

भूमिका

प्रत्येक धर्म परम्परा में धर्म ग्रन्थ का एक महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। हिन्दुओं के लिए वेद, बौद्धों के लिए त्रिपिटक, पारसियों के लिए अवेस्ता, ईसाइयों के लिए बाइबिल और मुसलमानों के लिए कुरान का जो स्थान और महत्त्व है, वही स्थान और महत्त्व जैनों के लिए आगम साहित्य का है। यद्यपि जैन परम्परा में आगम न तो वेदों के समान अपौरुषेय माने गये हैं और न ही बाइबिल और कुरान के समान किसी पैगम्बर के माध्यम से दिया गया ईश्वर का संदेश, अपितु वे उन अर्हतों एवं ऋषियों की वाणी का संकलन हैं, जिन्होंने साधना और अपनी आध्यात्मिक विशुद्धि के द्वारा सत्य का प्रकाश पाया था। यद्यपि जैन आगम साहित्य में अंग सूत्रों के प्रवक्ता तीर्थंकरों को माना जाता है, किन्तु हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि तीर्थंकर भी मात्र अर्थ के प्रवक्ता हैं, दूसरे शब्दों में वे चिन्तन या विचार प्रस्तुत करते हैं, जिन्हें शब्द रूप देकर ग्रन्थ का निर्माण गणधर अथवा अन्य प्रबुद्ध आचार्य या स्थविर करते हैं।[1]

जैन-परम्परा हिन्दू-परम्परा के समान शब्द पर उतना बल नहीं देती है। वह शब्दों को विचार की अभिव्यक्ति का मात्र एक माध्यम मानती है। उसकी दृष्टि में शब्द नहीं, अर्थ (तात्पर्य) ही प्रधान है। शब्दों पर अधिक बल न देने के कारण ही जैन-परम्परा के आगम ग्रन्थों में यथाकाल भाषिक परिवर्तन होते रहे और वेदों के समान शब्द रूप में अक्षुण्ण नहीं बने रह सके। यही कारण है कि आगे चलकर जैन आगम-साहित्य—अर्द्धमागधी आगम-साहित्य और शौरसेनी आगम-साहित्य ऐसी दो शाखाओं में विभक्त हो गया। इनमें अर्द्धमागधी आगम-साहित्य न केवल प्राचीन है अपितु वह महावीर की मूलवाणी के निकट भी है। शौरसेनी आगम-साहित्य का विकास भी अर्द्धमागधी आगम साहित्य के प्राचीन स्तर के इन्हीं आगम ग्रन्थों के आधार पर हुआ है। अतः अर्द्धमागधी आगम-साहित्य शौरसेनी आगम-साहित्य का आधार एवं उसकी अपेक्षा प्राचीन भी है। यद्यपि यह अर्द्धमागधी आगम-साहित्य भी

---

१. 'अत्थं भासइ अरहा सुत्तं गंथंति गणहरा'—आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ९२।

महावीर के काल से लेकर वीर निर्वाण संवत् ९८० या ९९३ की वलभी की वाचना तक लगभग एक हजार वर्ष की सुदीर्घ अवधि में संकलित और सम्पादित होता रहा है। अतः इस अवधि में उसमें कुछ संशोधन, परिवर्तन और परिवर्धन भी हुआ है।

प्राचीन काल में यह अर्द्धमागधी आगम साहित्य अंग-प्रविष्ट और अंगवाह्य ऐसे दो विभागों में विभाजित किया जाता था। अंग प्रविष्ट में ग्यारह अंग आगमों और वारहवें दृष्टिवाद को समाहित किया जाता था। जवकि अंगवाह्य में इसके अतिरिक्त वे सभी आगम ग्रन्थ समाहित किये जाते थे, जो श्रुतकेवली एवं पूर्वधर स्थविरों की रचनाएँ माने जाते थे। पुनः इस अंगवाह्य आगम-साहित्य को भी नन्दीसूत्र में आवश्यक और आवश्यक व्यतिरिक्त ऐसे दो भागों में विभाजित किया गया है। आवश्यक व्यतिरिक्त के भी पुनः कालिक और उत्कालिक ऐसे दो विभाग किये गये हैं। नन्दीसूत्र का यह वर्गीकरण निम्नानुसार है—

कालिक

- उत्तराध्ययन
- दशाश्रुतस्कन्ध
- कल्प
- व्यवहार
- निशीथ
- महानिशीथ
- ऋषिभाषित
- जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति
- द्वीपसागरप्रज्ञप्ति
- चन्द्रप्रज्ञप्ति
- क्षुल्लिकाविमान-प्रविभक्ति
- महल्लिकाविमान-प्रविभक्ति
- अंगचूलिका
- वग्गचूलिका
- विवाहचूलिका
- अरुणोपपात
- वरुणोपपात
- गरुडोपपात
- धरणोपपात
- वैश्रमणोपपात
- वेलन्धरोपपात
- देवेन्द्रोपपात
- उत्थानश्रुत
- समुत्थानश्रुत
- नागपरिज्ञापनिका
- निरयावलिका
- कल्पिका
- कल्पावतंसिका
- पुष्पिता
- पुष्पचूलिका
- वृष्णिदशा

उत्कालिक

- दशवैकालिक
- कल्पिकाकल्पिक
- चुल्लकल्पश्रुत
- महाकल्पश्रुत
- औपपातिक
- राजप्रश्नीय
- जीवाभिगम
- प्रज्ञापना
- महाप्रज्ञापना
- प्रमादाप्रमाद
- नन्दी
- अनुयोगद्वार
- देवेन्द्रस्तव
- तन्दुलवैचारिक
- चन्द्रवेध्यक
- सूर्यप्रज्ञप्ति
- पौरुषीमंडल
- मण्डलप्रवेश
- विद्याचरण विनिश्चय
- गणिविद्या
- ध्यानविभक्ति
- मरणविभक्ति
- आत्मविशोधि
- वीतरागश्रुत
- संलेखणाश्रुत
- विहारकल्प
- चरणविधि
- आतुरप्रत्याख्यान
- महाप्रत्याख्यान

इस प्रकार हम देखते हैं कि नन्दीसूत्र में चन्द्रवेध्यक का उल्लेख अंगबाह्य, आवश्यक-व्यतिरिक्त उत्कालिक आगमों में हुआ है। पाक्षिकसूत्र में आगमों के वर्गीकरण की जो शैली अपनायी गयी है उसमें नाम और क्रम में कुछ भिन्नता है। उसमें भी चन्द्रवेध्यक को उत्कालिक आगमों में चौदहवाँ स्थान मिला है। इसके अतिरिक्त आगमों के वर्गीकरण की एक प्राचीन शैली हमें यापनीय परम्परा के शौरसेनी आगम 'मूलाचार' में भी मिलती है। मूलाचार आगमों को चार भागों में वर्गीकृत करता है[1]—(१) तीर्थंकर-कथित (२) प्रत्येकबुद्ध-

---

१. मूलाचार—भारतीय ज्ञानपीठ-गाथा २७७

कथित (३) श्रुतकेवली कथित (४) पूर्वधर-कथित। पुनः मूलाचार में इन आगमिक ग्रन्थों का कालिक और उत्कालिक के रूप में वर्गीकरण किया गया है। यद्यपि इस वर्गीकरण में चन्द्रवेध्यक का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त नहीं होता है किन्तु इसी ग्रन्थ की गाथा ८५ में चन्द्रवेध्यक शब्द प्राप्त होता है। ग्रन्थ में प्राप्य इस शब्दोल्लेख से यद्यपि यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि यापनीय परम्परा में यह ग्रन्थ किस रूप में मान्य रहा है किन्तु मूलाचार व चन्द्रवेध्यक में चन्द्रवेध्यक के शब्दोल्लेख वाली इस गाथा की समानता यह सूचित करती है कि यापनीय परम्परा में भी इसकी मान्यता रही होगी।

वर्तमान में आगमों के अंग, उपांग, छेद, मूलसूत्र, प्रकीर्णक आदि विभाग किये जाते हैं। यह विभागीकरण हमें सर्वप्रथम विधिमार्गप्रपा (जिनप्रभ-१३वीं शताब्दी) में प्राप्त होता है।[1] सामान्यतया प्रकीर्णक का अर्थ विविध विषयों पर संकलित ग्रन्थ ही किया जाता है। नन्दीसूत्र के टीकाकार मलयगिरि ने लिखा है कि तीर्थंकरों द्वारा उपदिष्ट श्रुत का अनुसरण करके श्रमण प्रकीर्णकों की रचना करते थे। परम्परानुसार यह भी मान्यता है कि प्रत्येक श्रमण एक-एक प्रकीर्णक की रचना करता था। समवायांग सूत्र में "चोरासीइं पण्णग सहस्साइं पण्णत्ता" कहकर ऋषभदेव के चौरासी हजार शिष्यों के चौरासी हजार प्रकीर्णकों का उल्लेख किया है।[2] महावीर के तीर्थ में चौदह हजार साधुओं का उल्लेख प्राप्त होता है। अतः उनके तीर्थ में प्रकीर्णकों की संख्या भी चौदह हजार मानी गयी है। किन्तु आज प्रकीर्णकों की संख्या दस मानी जाती है।

ये दस प्रकीर्णक निम्न हैं[3]—

(१) चतुः शरण (२) आतुर प्रत्याख्यान (३) संस्तारक (४) चन्द्रवेध्यक (५) गच्छाचार (६) तन्दुल वैचारिक (७) देवेन्द्र स्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान और (१०) मरण विधि

मुनि पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित पइण्णयसुत्ताइं में दस प्रकीर्णकों के नाम निम्नानुसार हैं[4]—

---

१. विधिमार्गप्रपा—पृष्ठ ५५।
२. समवायांग सूत्र—मुनि मधुकर-८४वाँ समवाय।
३. अभिधान राजेन्द्र कोश, भाग १ पृष्ठ ४१।
४. पइण्णयसुत्ताइं, प्रस्तावना पृष्ठ २०।

(१) चतुःशरण (२) आतुरप्रत्याख्यान (३) भक्तपरिज्ञा (४) संस्तारक (५) तन्दुल वैचारिक (६) चन्द्रवेध्यक (७) देवेन्द्रस्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान और (१०) वीरस्तव

आचार्य श्री प्रद्युम्नसूरीश्वर जी ने विचारसार प्रकरण में आगमों के पैंतालिस नाम गिनाए हैं, उनमें भी चन्द्रवेध्यक का नामोल्लेख है—

आयारो १ सूयगडे २.....चंदाविज्झय ३४.....देविंदसंथवणं ४५॥[1]

दस प्रकीर्णकों को श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय आगमों की श्रेणी में मानता है। परन्तु प्रकीर्णक नाम से अभिहित इन ग्रन्थों का संग्रह किया जाये तो निम्न बाईस नाम प्राप्त होते हैं—

(१) चतुःशरण (२) आतुरप्रत्याख्यान (३) भत्तपरिज्ञा (४) संस्थारक (५) तंदुलवैचारिक (६) चंद्रावेध्यक (७) देवेन्द्रस्तव (८) गणिविद्या (९) महाप्रत्याख्यान (१०) वीरस्तव (११) ऋषिभाषित (१२) अजीवकल्प (१३) गच्छाचार (१४) मरणसमाधि (१५) तित्थोगालि (१६) आराधना पताका (१७) द्वीपसागरप्रज्ञप्ति (१८) ज्योतिष्करण्डक (१९) अंगविद्या (२०) सिद्धप्राभृत (२१) सारावली और (२२) जीवविभक्ति।[2]

इसके अतिरिक्त एक ही नाम के अनेक प्रकीर्णक भी उपलब्ध होते हैं। यथा—'आउर पच्चक्खान' के नाम से तीन ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं।

इनमें से नन्दी और पाक्षिक के उत्कालिक सूत्रों के वर्ग में देवेन्द्रस्तव, तंदुलवैचारिक, चन्द्रवेध्यक, गणिविद्या, मरणविभक्ति, मरणसमाधि, महाप्रत्याख्यान, ये सात नाम पाये जाते हैं और कालिकसूत्रों के वर्ग में ऋषिभाषित और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति ये दो नाम पाये जाते हैं। इस प्रकार नन्दी एवं पाक्षिक सूत्र में नौ प्रकीर्णकों का उल्लेख मिलता है।[3]

यद्यपि प्रकीर्णकों की संख्या और नामों को लेकर परस्पर मतभेद देखा जाता है, किन्तु यह सुनिश्चित है कि प्रकीर्णकों के भिन्न-भिन्न सभी वर्गीकरणों में चन्द्रवेध्यक को स्थान मिला है।

यद्यपि आगमों की शृंखला में प्रकीर्णकों का स्थान द्वितीयक है, किन्तु यदि हम भाषागत प्राचीनता और आध्यात्म-प्रधान विषय-वस्तु की दृष्टि से विचार करें तो प्रकीर्णक, कुछ आगमों की अपेक्षा भी महत्त्वपूर्ण प्रतीत

---

१. पइण्णयसुत्ताइं, प्रस्तावना पृष्ठ २१।

२. वही, पृष्ठ १८।

३. नन्दीसूत्र—मुनि मधुकर पृष्ठ ८०-८१।

होते हैं। प्रकीर्णकों में ऋषिभाषित आदि ऐसे प्रकीर्णक हैं, जो उत्तराध्ययन और दशवैकालिक जैसे प्राचीन स्तर के आगमों की अपेक्षा भी प्राचीन हैं।[1]

चन्द्रवेध्यक-प्रकीर्णक—चन्द्रवेध्यक-प्रकीर्णक एक पद्यात्मक रचना है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख नंदी एवं पाक्षिक सूत्र में प्राप्त होता है। दोनों ही ग्रन्थों में आवश्यक-व्यतिरिक्त उत्कालिक श्रुत के अन्तर्गत चन्द्रवेध्यक का उल्लेख मिलता है।[2]

पाक्षिकसूत्र वृत्ति में चन्द्रवेध्यक का परिचय देते हुए कहा गया है कि "चंदा० चन्द्रो यन्त्रपुत्रिकाक्षिगोलको गृह्यते, आ मर्यादया विद्धयत इत्या-वेध्यम्, कप्रत्यये चन्द्रावेध्यकं राधावेध ईत्यर्थः। तदुपमाणमरणाराधणा-प्रतिपादको ग्रन्थश्चन्द्रवे०।" अर्थात् चन्द्र का तात्पर्य यन्त्र पुतलिका को आँख के गोलक से है 'आ' शब्द समग्रता का वाची है। 'वेध्य' शब्द का अर्थ विद्ध करना है तथा 'क' प्रत्यय है। इस प्रकार चन्द्रवेध्यक का तात्पर्य यन्त्र चालित पुतलिका की आँख के गोलक का सम्यक् प्रकार से भेदन करना है।[3] वस्तुतः यह लक्ष्य को प्राप्त करने की एक कला है।

नामकरण की सार्थकता—प्रकीर्णक ग्रन्थों में चन्द्रवेध्यक ही एक ऐसा प्रकीर्णक है जिसके भिन्न-भिन्न आगमों में नाम भी भिन्न-भिन्न प्राप्त होते हैं, यथा—चंदावेज्झयं, चंदगवेज्झं, चंदाविज्झयं, चंदयवेज्झं, चंदग-विज्झं और चंदगविज्झयं। इन भिन्न-भिन्न नामों के कई संस्कृत रूपा-न्तरण भी बनते हैं, जैसे—चन्द्रावेध्यक चन्द्रवेध्यक, चन्द्रकवेध्य, चन्द्रा-विध्यक, चन्द्र विद्या और चन्द्रक विध्यक।

---

१. ऋषिभाषित की प्राचीनता आदि के सम्बन्ध में देखें—
डॉ० सागरमल जैन—ऋषिभाषित : एक अध्ययन (प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर)।

२. (क) उक्कालिअं अणेगविहं पण्णत्तं तंजहा—(१) दसवेआलिअं,........(१५) चंदाविज्झयं,........(२९) महापच्चक्खाणं, एवमाइं।
(नन्दी सूत्र—मधुकर मुनि—पृष्ठ १६१-१६२)
(ख) नमो तेसिं खमासमणाणं,........अंगबाहिरं उक्कालियं भगवंतं। तंजहा-दसवेआलिअं (१) ....चंदाविज्झयं (१४)........महापच्चक्खाणं (२८)
(पाक्षिकसूत्र—देवचन्द्र-लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, पृ० ७६)

३. (क) पाक्षिक सूत्र वृत्ति-पत्र ७७
(ख) अभिधान राजेन्द्र कोश, भाग ३ पृष्ठ १०९७

यद्यपि यह निर्धारित कर पाना सहज नहीं है कि इस प्रकीर्णक के प्राप्त इन विविध नामों में से कौनसा नाम सही है, किन्तु यह स्पष्ट है कि इन सभी नामों में अर्थ की दृष्टि से कोई भिन्नता नहीं है जो कुछ भिन्नता है, वह मात्र शाब्दिक भिन्नता ही है।

चन्द्रवेध्यक में 'विज्झयं' पाठ लेते हैं तो उसका संस्कृत रूपान्तरण चन्द्रविद्या भी बन सकता है और यदि 'वेज्झयं' पाठ लेते हैं, तो उसके संस्कृत रूपान्तरण में 'चन्द्रावेध्यक' और 'चन्द्रवेध्यक' दोनों ही रूप सिद्ध होते हैं। पाक्षिक सूत्र में भी इन दोनों ही रूपों का उल्लेख मिलता है।[1] चंदावेज्झयं की व्याख्या करते हुए 'आ' का ग्रहण करके 'आ मर्यादया विध्यक इति आवेध्यकम्' ऐसी व्याख्या की गई है। इस व्याख्या के आधार पर चन्द्र + आवेध्यकम् = चन्द्रावेध्यकम्, ऐसा रूप भी बनता है। इस प्रकार चन्द्रावेध्यक और चन्द्रवेध्यक दोनों ही रूप सिद्ध होते हैं।

चंदावेज्झयं का हिन्दी रूपान्तरण चन्द्र-विद्या करते हुए आचार्य श्री हस्तीमल जी महाराज ने अपने टीका-ग्रन्थ श्रीमन्नन्दीसूत्रम्[2] के "पारिभाषिक एवं विशिष्ट शब्दों पर टिप्पण" नामक प्रथम परिशिष्ट में इस ग्रन्थ को चन्द्रसंबंधी ज्ञान कराने वाला ग्रन्थ विशेष कहा है और साथ ही साथ आचार्य प्रवर ने इस ग्रन्थ को वर्तमान में अनुपलब्ध भी बताया है। वर्तमान में इस ग्रन्थ को अनुपलब्ध कहने का उनका क्या तात्पर्य रहा है, यह ज्ञात नहीं है, क्योंकि उस समय भी यह ग्रन्थ मुनि चतुरविजय जी कृत संस्कृत छाया सहित विजयक्षमाभद्रसूरि द्वारा सम्पादित होकर सन् १९४१ में केसरबाई ज्ञान मंदिर, पाटण से प्रकाशित हो चुका था। सम्भवतः इस ग्रन्थ की विषय वस्तु को चन्द्र संबंधी विद्या का नाम देने से ही उन्हें यह भ्रान्ति हो गई हो, वस्तुतः इस ग्रन्थ को विषयवस्तु चन्द्रविद्या का ज्ञान नहीं कराती है, अपितु यह तो व्यक्ति को जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति कराने वाला ग्रन्थ है।

ग्रंथ में प्रयुक्त हस्तलिखित प्रतियों का परिचय—मुनि श्री पुण्यविजय ने इस ग्रन्थ के पाठ निर्धारण में निम्न प्रतियों का उपयोग किया था—

१. सं० : संघवीपाडा जैन ज्ञान भंडार की ताड़पत्रीय प्रति।

---

१. पाक्षिकसूत्र वृत्ति पत्र ७७।

२. श्रीमन्नन्दीसूत्रम्—अनु० मुनि हस्तीमल, प्रका० रायबहादुर श्री मोतीलाल जी मुथा, सतारा, सन् १९४२।

२. जे० : आचार्य श्री जिनभद्रसूरि जैन ज्ञान भंडार की ताड़पत्रीय प्रति।
३. हं० : मुनि श्री हंसविजय जी महाराज की हस्तलिखित प्रति।
४. पु० : मुनि पुण्य विजय जी महाराज की हस्तलिखित प्रति।
५. पुपा० : मुनि पुण्य वेजय जी महाराज की पु० संज्ञक प्रति की संशोधित एवं पाठभेद युक्त प्रति।
६. क्ष० : आचार्य श्री क्षमाभद्रसूरि की संग्रहित प्रति।
७. च० : मुनि चतुरविजय जी महाराज की प्राचीन प्रति।
८. का० : डॉ० काया द्वारा सम्पादित एवं इंस्टिट्युट द सिविलाइजेशन इंडियन पेरिस द्वारा सन् १९७१ में प्रकाशित प्रति।
९. कापा० : का० प्रति की मुद्रित प्रति के पाठभेद।
१०. के० : मुनि चतुरविजय जी कृत संस्कृत छाया युक्त प्रति।

हमने क्रमांक १ से ९ तक की इन पाण्डुलिपियों के पाठ भेद मुनि पुण्यविजय जी द्वारा सम्पादित पइण्णयसुत्ताइं पुस्तक से ही लिए हैं। इन पाण्डुलिपियों को विशेष जानकारी के लिए हम पाठकों से पइण्णयसुत्ताइं ग्रन्थ की प्रस्तावना के पृष्ठ २६-२७ देख लेने की अनुशंसा करते हैं।

क्रमांक १० पर उल्लेखित के० प्रति के पाठान्तर मुनि चतुरविजय जी कृत संस्कृत छायायुक्त प्रति से दिये हैं। यह प्रति श्री केसरवाई ज्ञान मंदिर, पाटन से सन् १९४१ में प्रकाशित हुई है तथा हमें यह प्रति लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्या मंदिर, अहमदावाद से प्राप्त हुई है जहाँ इसका पुस्तकालय क्रमांक ६११२ है।

इसके अतिरिक्त एक हस्तलिखित प्रति हमें कलकत्ता निवासी श्रीमान् भीखमचन्द जी सा० भन्साली के द्वारा श्री गोविन्दराम भन्साली परमार्थिक संस्था, वोकानेर से प्राप्त हुई हैं। इस प्रति में भी अन्तिम प्रशस्ति में लिपिकार एवं वर्ष दोनों के उल्लेख अनुपलब्ध होने से यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि यह पाण्डुलिपि कब एवं किसने लिखवाई थी। गाथा परिमाण की दृष्टि से इसमें भी १७५ गाथाएँ ही हैं।

लेखक एवं रचनाकाल का विचार—चन्द्रवेध्यक का उल्लेख यद्यपि नन्दीसूत्र, पाक्षिक सूत्र आदि अनेक ग्रन्थों में मिलता है किन्तु इस ग्रन्थ के लेखक के सम्वन्ध में कहीं पर भी कोई निर्देश उपलब्ध नहीं होता है। जो संकेत हमें मिलते हैं उसके आधार पर मात्र यही कहा जा सकता है कि यह ५वीं शताब्दो या उसके पूर्व के किसी स्थविर आचार्य की कृति है। इसके लेखक के सन्दर्भ में किसी भी प्रकार का कोई संकेत सूत्र उपलब्ध न हो पाने के कारण इस सम्वन्ध में कुछ भी कहना कठिन है।

किन्तु जहाँ तक इस ग्रन्थ के रचना काल का प्रश्न है, हम इतना तो सुनिश्चित रूप से कह सकते हैं कि यह ईस्वी सन् की ५वीं शताब्दी के पूर्व की रचना है क्योंकि चन्द्रवेध्यक का उल्लेख हमें नन्दीसूत्र एवं पाक्षिक सूत्र के अतिरिक्त नन्दी चूर्णि, आवश्यक चर्णि, और निशीथ चूर्णि में मिलता है। चूर्णियों का काल लगभग ६-७वीं शताब्दी माना जाता है। अतः चन्द्रवेध्यक का रचना काल इसके पूर्व ही होना चाहिए। पुनः चन्द्रवेध्यक का उल्लेख नन्दी सूत्र एवं पाक्षिकसूत्र मूल में भी है। नन्दी सूत्र के कर्त्ता देववाचक माने जाते हैं। नन्दी सूत्र और उसके कर्त्ता देववाचक के समय के सन्दर्भ में मुनि श्री पुण्यविजय जी एवं पं० दलसुख भाई मालवणिया ने विशेष चर्चा की है। नन्दी चूर्णि में देववाचक को दूष्यगणी का शिष्य कहा गया है। कुछ विद्वानों ने नन्दीसूत्र के कर्त्ता देववाचक औरो आगमों को पुस्तकारूढ़ करने वाले देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण को एक ह मानने की भ्रांति की है। इस भ्रांति के शिकार मुनि श्री कल्याण विजय जी भी हुए हैं, किन्तु उल्लेखों के आधार पर जहाँ देवर्द्धि के गुरु आर्य शांडिल्य हैं, वहीं देववाचक के गुरु दूष्यगणी हैं। अतः यह सुनिश्चित है कि देववाचक और देवर्द्धि एक ही व्यक्ति नहीं है। देववाचक ने नन्दीसूत्र स्थविरावली में स्पष्ट रूप से दूष्यगणी का उल्लेख किया है।

पं० दलसुख भाई मालवणिया ने देववाचक का काल वीर निर्वाण संवत् १०२० अथवा विक्रम् संवत् ५५० माना है, किन्तु यह अन्तिम अवधि ही मानी जाती है। देववाचक उसके पूर्व ही हुए होंगे। आवश्क निर्युक्ति में नन्दी और अनुयोगद्वार सूत्रों का उल्लेख है, और आवश्यक निर्युक्ति को द्वितीय भद्रबाहु की रचना भी माना जाय तो उसका काल विक्रम की पाँचवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध ही सिद्ध होता है। इन सब आधारों से यह सुनिश्चित है कि देववाचक और उसके द्वारा रचित नन्दी सूत्र ईसा की पाँचवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध की रचना है। इस सन्दर्भ में विशेष जानने के लिए हम मुनि श्री पुण्यविजय जी एवं पं० दलसुखभाई मालवणिया के नन्दीसूत्र की भूमिका में देववाचक के समय सम्बन्धी चर्चा कों देखने का निर्देश करेंगे। चूंकि नन्दीसूत्र में चन्द्रवेध्यक का उल्लेख है, अतः इस प्रमाण के आधार पर हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि यह ग्रन्थ ईसवी सन् की ५ वीं शताब्दी के पूर्व निर्मित हो चुका था। किन्तु इसकी रचना की उत्तर सीमा क्या हो सकती है, यह कह पाना कठिन है। चन्द्रवेध्यक प्रकीर्णक की अनेक गाथाएँ आगमों में—उत्तराध्ययन, ज्ञाता-धर्म कथा और अनुयोगद्वार में, निर्युक्तियों में—आवश्यक निर्युक्ति, उत्तरा-

ध्ययन निर्युक्ति, दशवैकालिक निर्युक्ति तथा ओघ निर्युक्ति में, प्रकीर्णकों में—मरणविभक्ति, भक्तपरिज्ञा, आतुरप्रत्याख्यान, महाप्रत्याख्यान, तित्थोगाली, आराधनापताका एवं गच्छाचार में तथा यापनीय एवं दिगम्बर परम्परा के मान्य ग्रन्थों में—भगवती आराधना, मूलाचार, नियमसार, अष्टपाहुड—सुत्तपाहुड में तथा भाष्य साहित्य में—विशेषावश्यक भाष्य में लिखती है। ये सभी ग्रन्थ ईसवी सन् की पाँचवीं-छठीं शताब्दी के मध्य के हैं। फिर भी यह निर्धारित कर पाना कठिन है कि ये सभी गाथाएँ इन ग्रन्थों से चन्द्रवेध्यक में आई हैं या चन्द्रवेध्यक से ये गाथाएँ इन ग्रन्थों में ली गई हैं। संभावना दोनों प्रकार की हो सकती है। ज्ञाताधर्म-कथा और अनुयोगद्वार में चन्द्रवेध्यक की जो गाथाएँ मिलती हैं, वे वस्तुतः उद्धृत ही लगती हैं।

जहाँ तक उत्तराध्ययनसूत्र में चन्द्रवेध्यक की गाथाओं का प्रश्न है, वे हमें उसके तीसरे, नवें, अट्ठाईसवें और उनतीसवें अध्याय में मिलती हैं। यद्यपि तीसरे, अट्ठाइसवें और उनतीसवें अध्याय में उपलब्ध होने वाली गाथाओं में कुछ शाब्दिक अन्तर पाया जाता है किन्तु नवें अध्याय में उपलब्ध गाथा शब्दशः समान है। नवें व उनतीसवें अध्याय की जो गाथाएँ चन्द्रवेध्यक में मिलती हैं, वे इतनी सुप्रचलित हैं कि कई अन्य ग्रन्थों में भी ये गाथाएँ पाई जाती हैं। उनतीसवें अध्याय में तो यह गाथा उद्धृत ही लगती है क्योंकि यह पूरा अध्याय ही गद्य रूप में है। अन्य स्थलों पर ये गाथाएँ प्रासंगिक हैं और ग्रन्थ का मूल अंग ही लगती हैं। गाथाओं की इस समरूपता के आधार पर भी किसी निष्कर्ष पर पहुँचना कठिन ही है। एक सम्भावना यह भी है कि किसी समान स्रोत से ये गाथाएँ विभिन्न ग्रन्थों में ली गई हों।

यदि हम इन गाथाओं के भाषायी स्वरूप पर विचार करें तो इतना निश्चित है कि चन्द्रवेध्यक में इन गाथाओं का भाषायी स्वरूप अन्य ग्रन्थों की अपेक्षा अधिक प्राचीन प्रतीत होता है। किन्तु भाषायी स्वरूप को आधार मानकर इसकी प्राचीनता सिद्ध करना कठिन है क्योंकि जैन परम्परा में जो सूत्र अधिक प्रचलित रहे उन पर महाराष्ट्री प्राकृत का प्रभाव अधिक आ गया और महाराष्ट्री प्राकृत की बहुलता के आधार पर किसी ग्रन्थ की प्राचीनता और अर्वाचीनता सिद्ध करना एक कठिन समस्या है।

इस ग्रन्थ की ताड़पत्रीय प्रतियाँ भी उपलब्ध होती हैं जो यह सिद्ध करती हैं कि यह एक प्राचीन एवं बहुप्रचलित ग्रन्थ रहा है, फिर भी इनसे

इसके रचनाकाल के निर्धारण में कोई ठोस सहायता प्राप्त नहीं होती। किन्तु प्रकीर्णक की विषय वस्तु में हमें एक ऐसा संकेत सूत्र उपलब्ध होता है जो इस ग्रन्थ का काल निर्धारण कराने में हमारा सहायक हो सकता है। चन्द्रवेध्यक की गाथा क्रमांक १११ में सम्यक्दर्शन और सम्यक् चारित्र के सम्बन्ध को स्पष्ट करते हुए यह बतलाया गया है कि सम्यक् दर्शन से युक्त व्यक्ति सम्यक् चारित्र से युक्त हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है, किन्तु जो व्यक्ति सम्यक् चारित्र से युक्त है उसको तो सम्यक् दर्शन नियम से होता है। चन्द्रवेध्यक प्रकीर्णक की यह मान्यता हमें उत्तराध्ययन एवं उमास्वाति के तत्वार्थ भाष्य और प्रशमरति प्रकरण में उपलब्ध होती है। तत्वार्थ भाष्य में कहा गया है कि—

"एषां च पूर्वस्य लाभे भजनीयमुत्तरं उत्तरलाभे तु नियमतः पूर्व लाभः[1] अर्थात् सम्यक् दर्शन और सम्यक् चारित्र में सम्यक् दर्शन की प्राप्ति होने पर सम्यक् चारित्र विकल्प से होता है अर्थात् होता भी है और नहीं भी होता है किन्तु सम्यक् चारित्र की प्राप्ति होने से नियम से सम्यक् दर्शन होता है।

इसी तथ्य को प्रशमरति प्रकरण की निम्न कारिका में स्पष्ट किया है—

"पूर्वद्वयसम्पद्यपि तेषां भजनीयमुत्तरं भवति।
पूर्वद्वयलाभः पुनरुत्तरलाभे भवति सिद्धः॥[2]

अर्थात् पूर्व दोनों—सम्यक् दर्शन और सम्यक् ज्ञान के होने पर उत्तर सम्यक् चारित्र विकल्प से होता है किन्तु उत्तर—सम्यक् चारित्र के होने पर सम्यक् ज्ञान और सम्यक् दर्शन नियम से होता है।

इस प्रकार सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के पारस्परिक सम्बन्ध को लेकर जो दृष्टिकोण तत्वार्थ भाष्य और प्रशमरति प्रकरण में है वही दृष्टिकोण चन्द्रवेध्यक में है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि चन्द्रवेध्यक का रचनाकाल तत्वार्थ भाष्य और प्रशमरति के पूर्व या समकालीन होना चाहिए। तत्वार्थ भाष्य ओर प्रशमरति को ईस्वी सन् की प्रथम शती से तीसरी शती के मध्य की रचना माना जाता

---

१. (अ) तत्वार्थ भाष्य १।१ (ब) देखें—यापनीय और उनका साहित्य—श्रीमती डॉ० कुसुम पटोरिया, पृष्ठ ११८।

२. प्रशमरति, कारिका २३१।

है अतः यही काल चन्द्रवेध्यक का भी होना चाहिए। यदि तत्वार्थ भाष्य के कर्त्ता उमास्वाति को प्रज्ञापना के कर्ता श्यामाचार्य का गुरु माना जाए तो तत्वार्थ भाष्य का काल ईस्वी सन् की प्रथम शतो० के लगभग निर्धारित होता है। यद्यपि इसकी सत्यता भी सन्देह से परे नहीं है तथापि तत्वार्थ की भाँति हो चन्द्रवेध्यक में भो गुणस्थानों और सप्तभंगी आदि के उल्लेखों का जो अभाव है, वह यही सिद्ध करता है कि चन्द्रवेध्यक भी तत्वार्थ भाष्य और प्रशमरति की समकालीन कृति है। इस समग्र चर्चा से हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि चन्द्रवेध्यक की रचना ईस्वी सन् की पाँचवीं शताब्दी से पूर्व कभी हुई है।

विषय वस्तु

'चन्द्रवेध्यक' नाम से हो यह स्पष्ट हो जाता है कि इस ग्रन्थ में आचार के जो नियम आदि बताए गये हैं उनका पालन कर पाना चन्द्रकवेध (राधा-वेध) के समान ही मुश्किल है। इस ग्रन्थ में सात द्वारों से सात गुणों का वर्णन किया गया है, जो इस प्रकार हैं—

१. विनय गुण २. आचार्य गुण ३. शिष्य गुण ४. विनय-निग्रह गुण ५. ज्ञान गुण ६. चारित्र गुण और ७. मरण गुण।

किसो भी ग्रन्थ का प्रारम्भ प्रायः मंगलाचरण से होता है ऐसा हो इस ग्रन्थ में भी हुआ है। ग्रन्थकार मंगलाचरण करते हुए कहता है कि ज्ञान और दर्शन को धारण करने वाले तथा लोक में ज्ञान का उद्योत करने वाले जिनवरों को नमस्कार हो (१)। ग्रन्थाकार के इस मंगलाचरण से यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि सामान्यतया रत्न-त्रय सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यग्चारित्र तीनों का नामोल्लेख साथ-साथ ही होता है तो फिर यहाँ ज्ञान और दर्शन के साथ चारित्र का उल्लेख क्यों नहीं हुआ है ? किन्तु इस प्रश्न का समाधान करते हुए ग्रन्थकार गाथा ७७ में कहता है कि जो ज्ञान है वही क्रिया है (अर्थात् चारित्र है)। इस कथन से प्रतीत होता है कि ग्रन्थकार ने सम्यग्चारित्र का समावेश सम्यग्ज्ञान में हो कर दिया है। यह कथन ग्रन्थकार का अपना पृथक् चिन्तन है। अन्य किसी आगम ग्रन्थ में यह शैलो अपनाई गई हो, ऐसा हमें ज्ञात नहीं है। ग्रन्थकार इस सूत्र को मोक्षमार्ग में ले जाने वाला सूत्र कहता है। (२)

विनय गुण—विनय गुण नामक प्रथम द्वार में जो कुछ वर्णन प्राप्त होता है उससे स्पष्ट हाता है कि किसी शिष्य की महानता उसके द्वारा

अर्जित व्यापक ज्ञान पर निर्भर नहीं है वरन् उसकी विनयशीलता पर आधारित है। गुरुजनों का तिरस्कार करने वाले विनय रहित शिष्य के लिए तो कहा है कि वह लोक में कीर्ति और यश को प्राप्त नहीं करता है किन्तु जो विनयपूर्वक विद्या ग्रहण करता है उस शिष्य के लिए कहा है कि वह सर्वत्र विश्वास और कीर्ति प्राप्त करता है। (३-६)

विद्या और गुरु का तिरस्कार करने वाले जो व्यक्ति मिथ्यात्व से युक्त होकर लोकैषणा में फँसे रहते हैं ऐसे व्यक्तियों को ऋषिघातक तक कहा गया है (७-९)। विद्या को तो इस लोक में ही नहीं, परलोक में भी सुखप्रद बतलाया है (१२)

विद्या प्रदाता आचार्य एवं शिष्य के विषय मे कहा है कि जिस प्रकार समस्त प्रकार की विद्याओं के प्रदाता गुरु कठिनाई से प्राप्त होते हैं उसी प्रकार चारों कषायों तथा खेद से रहित सरलचित्त वाले शिक्षक एवं शिष्य भी मुश्किल से प्राप्त होते हैं (१४-२०)। यापनीय परम्परा के ग्रन्थ मूलाचार में भी विनय गुण को प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि विनय से पढ़ा गया शास्त्र यद्यपि प्रमाद से विस्मृत भी हो जाता है तो भी वह परभव में उपलब्ध हो जाता है और केवल ज्ञान को प्राप्त करा देता है।[1]

आचार्य-गुण—

विनय गुण के पश्चात् आचार्य गुण की चर्चा करते हुए कहा गया है कि पृथ्वी के समान सहनशील, पर्वत की तरह अकम्पित, धर्म में स्थित चन्द्रमा की तरह सौम्यकांति वाले, समुद्र के समान गम्भीर तथा देश काल के जानकार आचार्यों की सर्वत्र प्रशंसा होती है। (२१-३१)

इस ग्रन्थ में आचार्यों के कुल छत्तीस गुण बतलाए गए हैं। इसी प्रकार कई अन्य जैन ग्रन्थों में भी आचार्यों के छत्तीस गुणों का तो उल्लेख मिलता है किन्तु वे छत्तीस गुण इन गुणों से भिन्न प्राप्त होते हैं।

भगवती आराधना में आचार्य को आचारवान्, आधार वान्, व्यवहारवान्, कर्ता तथा रत्नत्रय के लाभ और विनाश को दिखाने वाला, अपरिस्त्रावी, निर्वापक, निर्यापक, प्रसिद्ध कीर्तिशाली और निर्यापन गुण से युक्त कहा है।[2] आगे कहा गया है कि आठ ज्ञानाचार, आठ

---

१. मूलाचार, गाथा २८६।

२. भगवती आराधना, गाथा ४१९-४२०।

दर्शनाचार, वारह प्रकार के तप, पाँच समिति और तीन गुप्ति, ये छत्तीस गुण आचार्य के हैं।[1]

वट्टकेर ने मूलाचार में आचार्य को निम्नलिखित गुणों से युक्त माना है—संग्रह और अनुग्रह में कुशल, सूत्र के अर्थ में विशारद, कीर्ति से प्रसिद्धि पाने वाला, क्रियाओं के आचरण में तत्पर, ग्रहण करने योग्य तथा उपादेय वचन वोलने वाला, गम्भीर, दुर्धर्ष, शूर, धर्म की प्रभावना करने वाला, पृथ्वी की तरह सव कुछ सहने वाला, चन्द्रमा की तरह सौम्य कांति वाला तथा समुद्र के समान गंभीर को आचार्य माना है।[2]

प्रवचनसारोद्धार में भी आचार्य के छत्तीस गुणों का तीन प्रकार से उल्लेख मिलता है।[3]

आचार्यों की महानता के विषय में कहा गया है कि आचार्यों की भक्ति से जहाँ जीव इस लोक में कीर्ति और यश प्राप्त करता है वहीं परलोक में विशुद्ध देवयोनि और धर्म में सर्वश्रेष्ठ वोधि को प्राप्त करता है (३२)। आगे कहा गया है कि इस लोक के जीव तो क्या देवलोक में स्थित देवता भी अपने आसन व शय्या आदि का त्याग कर अप्सरा समूह के साथ आचार्यों की वन्दना करने के लिए जाते हैं। (३३-३४)

त्याग और तपस्या से भी महत्त्वपूर्ण गुरु वचन का पालन मानते हुए कहा गया है कि अनेक उपवास करते हुए भी जो गुरु के वचनों का पालन नहीं करता वह अनन्त संसारी होता है। (३५)

शिष्य गुण—आचार्य गुण के पश्चात् इस प्रकीर्णक ग्रन्थ में शिष्य गुण का उल्लेख हुआ है जिसमें कहा गया है कि नाना प्रकार से परिषहों को सहन करने वाले, लाभ-हानि में सुख-दुख रहित रहने वाले, अल्प इच्छा में संतुष्ट रहने वाले, ऋद्धि के अभिमान से रहित, दस प्रकार की सेवा-सुश्रुषा में सहज, आचार्य की प्रशंसा करने वाले तथा संघ की सेवा करने वाले एवं ऐसे ही विविध गुणों से सम्पन्न शिष्य की कुशल जन प्रशंसा करते हैं (३७-४२)।

आगे कहा गया है कि समस्त अहंकारों को नष्ट करके जो शिष्य शिक्षित होता है, उसके वहुत से शिष्य होते हैं, किन्तु कुशिष्य के कोई भी

---

१. भगवती आराधना गाथा ५२७।

२. मूलाचार, गाथा १५८-१५९।

३. प्रवचनसारोद्धार—देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, गाथा ५४१-५४९।

शिष्य नहीं होते (४३)। शिक्षा किसे दी जाए, इस सम्बन्ध में कहा गया है कि किसी शिष्य में सैंकड़ों दूसरे गुण भले ही क्यों न हों, किन्तु यदि उसमें विनय गुण नहीं है तो ऐसे पुत्र को भी वाचना न दी जाए। फिर गुण विहीन शिष्य को तो क्या ? अर्थात् उसे तो वाचना दी ही नहीं जा सकती (४४-५१)।

विनय-निग्रह गुण

प्रस्तुत कृति में विनय गुण और विनय-निग्रह गुण इस प्रकार के दो स्वतन्त्र द्वार हैं, किन्तु विनय गुण और विनय-निग्रह गुण में क्या अंतर है, यह इनकी विपयवस्तु से स्पष्ट नहीं होता, क्योंकि दोनों ही द्वारों की गाथाओं में जो विवरण दिया गया है उसका तात्पर्य विनम्रता या आज्ञा-पालन से ही है। यद्यपि प्राचीन आगम ग्रन्थों में विनय शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है—एक विनम्रता के अर्थ में और दूसरा आचार के नियमों के अर्थ में।

बौद्ध त्रिपिटक में विनय पिटक नाम का एक विभाग है, इस विभाग में मुख्य रूप से आचार व्यवहार के नियमों की चर्चा है। अतः विनय शब्द विनम्रता के साथ-साथ आचार-नियमों का भी सूचक है। विनय-निग्रह द्वार में भी कुछ गाथाएँ ऐसी है जिनमें विनय का तात्पर्य आचार-नियम से है जैसे—"गुणहीण विणयहीणं चरित्तजोगण पासत्थ" (५७) "खंति वलाओ य तवो नियमविसेसो य विणयाओ" (५९) "सव्वो चरित्तसारो विणयम्मि पइट्ठिओ मणूसाणं।" (६३)। इन सभी प्रसंगों में विनय का तात्पर्य आचार-नियम ही प्रतिफलित होता है अतः यह कहा जा सकता है कि विनय-निग्रह गुण से लेखक का तात्पर्य आगमोक्त आचार नियमों के परिपालन से रहा होगा।

विनय-निग्रह नामक इस परिच्छेद में विनय को मोक्ष का द्वार कहा गया है और इसलिए सदैव विनय का पालन करने की प्रेरणा दी गई है तथा कहा गया है कि शास्त्रों का थोड़ा जानकार पुरुष भी विनय से कर्मों का क्षय करता है। (५४) आगे कहा गया है कि सभी कर्मभूमियों में अनन्त ज्ञानी जिनेन्द्र देवों के द्वारा भी सर्वप्रथम विनय गुण को प्रतिपादित किया गया है तथा इसे मोक्षमार्ग में ले जाने वाला शाश्वत गुण कहा है। मनुष्यों के सम्पूर्ण सदाचरण का सारतत्त्व भी विनय में ही प्रतिष्ठित होना बतलाया है। इतना ही नहीं, आगे कहा है कि विनय रहित तो निर्ग्रन्थ साधु भी प्रशंसित नहीं होते। (६१–६३)

ज्ञान गुण

ज्ञान गुण नामक पाँचवें द्वार में ज्ञान गुण का वर्णन करते हुए कहा है कि वे पुरुष धन्य हैं, जो जिनेन्द्र भगवान् द्वारा उपदिष्ट अति विस्तृत ज्ञान को समग्रतया नहीं जानते हुए भी चारित्र सम्पन्न है (६८) । ज्ञात दोपों का परित्याग और गुणों का परिपालन, ये ही धर्म के साधन कहे गये हैं (७१) । आगे कहा गया है कि जो ज्ञान है वही क्रिया या आचरण है, जो आचरण है वही प्रवचन अर्थात् जिनोपदेश का सार है और जो प्रवचन का सार है, वही परमतत्व है (७७) ।

प्रस्तुत ग्रन्थ की विपय वस्तु की यह चर्चा वड़ी महत्वपूर्ण प्रतीत होती है, क्योंकि इसमें ज्ञान व क्रिया के समन्वय पर विशेप वल दिया गया है । मात्र यही नहीं ग्रन्थकार तो ज्ञान व क्रिया को एक दूसरे का अभिन्न भी वतलाता है उसको दृष्टि में जो ज्ञान आचरण का विषय नहीं वनता, वह ज्ञान वस्तुतः निरर्थक है । ज्ञान का सदाचरण के साथ इस प्रकार का संयोजन इस ग्रन्थ का वैशिष्ट्य है ।

ज्ञान की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि इस लोक में अत्यधिक सुन्दर व विलक्षण होने से क्या लाभ ? क्योंकि लोक में तो चन्द्रमा की तरह लोग विद्वान् के मुख को ही देखते हैं (८१) । आगे कहा है कि ज्ञान ही मुक्ति का साधन है, क्योंकि ज्ञानी व्यक्ति संसार में परि-भ्रमण नहीं करता है । (८३-८४) अन्त में साधक के लिए कहा गया है कि जिस एक पद के द्वारा व्यक्ति वीतराग के मार्ग में प्रवृत्ति करता है, मृत्यु समय में भी उसे छोड़ना नहीं चाहिए । (९४-९७)

चारित्र गुण

चारित्र गुण नामक छठें द्वार में उन पुरुपों को प्रशंसनीय वतलाया गया है, जो गृहस्थरूपी वन्धन से पूर्णतः मुक्त होकर जिनेन्द्र भगवान् द्वारा उपदिष्ट मुनि-धर्म के आचरण हेतु प्रवृत्त होते हैं । (१००) पुनः दृढ़ धैर्य वाले मनुष्यों के विषय में कहा है कि वे दुःखों के पार चले जाते हैं । (१०३) आगे यह भी कहा गया है कि जो उद्यमी पुरुप क्रोध, मान, माया, लोभ, अरति और जुगुप्सा को समाप्त कर देते हैं, वे परम सुख को खोज पाते हैं । (१०४) चारित्रशुद्धि के विषय में कहा गया है कि पाँच समिति और तीन गुप्तियों में जिसकी निरन्तर मति है तथा जो राग-द्वेष नहीं करता है, उसी का चारित्र शुद्ध होता है । (११४) ।

प्रस्तुत कृति में यहाँ एक प्रश्न उपस्थित किया गया है कि सम्यक्-

दर्शन और सम्यक्चारित्र दोनों एक साथ उपस्थित हो जाय तो बुद्धिमान पुरुष वहाँ किसे ग्रहण करे ? अर्थात् किसे प्राथमिकता दे ? इसके प्रत्युत्तर में कहा गया है कि बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि वह दर्शन को पकड़ रखे, क्योंकि चारित्र रहित व्यक्ति तो भविष्य में सम्यक्चरित्र का अनुसरण करके सिद्ध हो सकते हैं, किन्तु दर्शनरहित व्यक्ति कभी भी सिद्ध नहीं हो सकते। (११०-११२) इस प्रकार प्रस्तुत कृति में दर्शन की प्राथमिकता को स्वीकार किया गया है।

सामान्यतया जैन आचार्यों ने धर्म साधना के लिए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र इन तीनों को समन्वित रूप में ही साधना मार्ग के रूप में स्वीकार किया है। उनके अनुसार साधना की पूर्णता त्रिविध साधनापथ के समन्वित परिपालन में ही सम्भव है। जैन-विचारक तीनों के समवेत से ही मुक्ति मानते हैं। उनके अनुसार इनमें से किसी एक के अभाव में मोक्ष या साध्य की प्राप्ति सम्भव नहीं। उत्तराध्ययनसूत्र में कहा है कि दर्शन के विना ज्ञान नहीं होता और जिसमें ज्ञान नहीं है उसका आचरण सम्यक् नहीं होता और सम्यक् आचरण के अभाव में आसक्ति से मुक्त नहीं हुआ जाता है ओर जो आसक्ति से मुक्त नहीं, उसका निर्वाण या मोक्ष नहीं होता।[1] इस प्रकार यद्यपि यहाँ भी दर्शन को प्राथमिकता दी गई है। फिर भी साधना की पूर्णता तो सम्यक्चरित्र में ही मानी गई है।

तत्त्वार्थसूत्रकार उमास्वाति ने अपने ग्रन्थ में दर्शन को ज्ञान और चारित्र के पहले स्थान दिया है।[2] आचार्य कुन्दकुन्द दर्शनपाहुड में कहते हैं कि धर्म (अर्थात् साधना मार्ग) दर्शन प्रधान है।[3]

चारित्र और ज्ञान-दर्शन के पूर्वापर सम्बन्ध को लेकर जैन-विचारणा में कोई विवाद नहीं है। चारित्र की अपेक्षा ज्ञान और दर्शन को प्राथमिकता प्रदान की गई है। चारित्र साधना-मार्ग में गति है। जबकि ज्ञान साधना पथ का बोध है और दर्शन यह विश्वास जागृत करता है कि यह पथ उसे अपने लक्ष्य की ओर ले जाने वाला है। उत्तराध्ययनसूत्र में कहा गया है कि व्यक्ति ज्ञान से (साधना मार्ग को) जाने, दर्शन के

---

१. उत्तराध्ययनसूत्र २८।३०

२. तत्त्वार्थसूत्र, १/१।

३. दर्शन पाहुड, २।

द्वारा उस पर विश्वास करे और चारित्र से उस साधना मार्ग पर आचरण करता हुआ तप से अपनी आत्मा का परिशोधन करे।[१]

यद्यपि इस कथन से असहमति प्रकट नहीं की जा सकती कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए चारित्ररूप प्रयास आवश्यक है किन्तु प्रयास को भी लक्ष्योन्मुख और सम्यक् होना चाहिए। मात्र अन्धे प्रयासों से लक्ष्य प्राप्त नहीं होता। यदि व्यक्ति का ज्ञान और दर्शन यथार्थ नहीं है, तो उसका चारित्र या आचरण भी यथार्थ नहीं होगा। इसलिए जैन आगमों में चारित्र की अपेक्षा दर्शन को प्राथमिकता देते हुए कहा गया है कि सम्यक् दर्शन के अभाव में सम्यक् चारित्र नहीं होता।[२] भक्तपरिज्ञा में कहा गया है कि दर्शन से भ्रष्ट ही वास्तविक भ्रष्ट है, चारित्र से भ्रष्ट भ्रष्ट नहीं है, क्योंकि जो दर्शन से युक्त है वह संसार में अधिक परिभ्रमण नहीं करता, किन्तु दर्शन से भ्रष्ट व्यक्ति संसार से मुक्त नहीं होता। कदाचित् चारित्र से रहित सिद्ध भी हो जावे, लेकिन दर्शन से रहित कभी भी मुक्त नहीं होता।[3] आचार्य भद्रबाहु आचारांग निर्युक्ति में कहते हैं कि सम्यक् दृष्टि से ही तप, ज्ञान और सदाचरण सफल होते हैं।[४] इस प्रकार प्रायः सभी ग्रन्थों में दर्शन को ही प्राथमिकता दी गई है।

मरण गुण

विनय गुण, आचार्य गुण, शिष्य गुण, विनय-निग्रह गुण, ज्ञान गुण और चारित्र गुण का वर्णन करने के पश्चात् अन्त में ग्रन्थकार मरण गुण का प्रतिपादन करते हुए समाधिमरण की उत्कृष्टता का बोध कराते हैं। वे कहते हैं कि विषय सुखों का निवारण करने वाली पुरुषार्थी आत्मा मृत्यु समय में समाधिमरण की गवेषणा करने वाली होती है। (१२०) आगे कहा गया है कि आगम ज्ञान से युक्त किन्तु रसलोलुप साधुओं में कुछ ही समाधिमरण प्राप्त कर पाते हैं किन्तु अधिकांश का समाधिमरण नहीं होता है। (१२३)

कौन व्यक्ति लक्ष्य प्राप्त कर सकता है? इस विषयक कथन करते हुए कहा गया है कि विनिश्चित बुद्धि से अपनी शिक्षा का स्मरण करने वाला व्यक्ति ही कसे हुए धनुष पर तीर चढ़ाकर चन्द्र अर्थात् यन्त्र चालित

१. उत्तराध्ययान, २८/३५।
२. उत्तराध्ययन, २८/२९।
३. भक्तपरिज्ञा, ६५-६६।
४. आचारांगनिर्युक्ति, २२।

पुतलि के अक्षिका गोलक को वेध पाता है किन्तु जो व्यक्ति थोड़ा सा भी प्रमाद कर जाता है तो वह लक्ष्य को नहीं वेध पाता। (१२८-१२९) वस्तुतः चन्द्रवेध्यक का अर्थ प्राप्त-लक्ष्य है।

समाधिमरण किसका होता है? इस विषय में कहा गया है कि सम्यक् बुद्धि को प्राप्त, अन्तिम समय में साधना में विद्यमान, पाप कर्म की आलोचना, निन्दा और गर्हा करने वाले व्यक्ति का मरण ही शुद्ध होता है अर्थात् उसका ही समाधिमरण होता है। (१३१) साथ ही यहाँ मृत्यु के अवसर पर कृतयोग वाला कौन होता है इस पर भी चर्चा की गई है। (१३३-१४०)

कषायों की चर्चा करते हुए कहा गया है कि जिस मनुष्य ने करोड़ पूर्व वर्ष से कुछ कम वर्ष तक चारित्र का पालन किया हो, ऐसे दीर्घ संयमी व्यक्ति के चारित्र को भी ये कषाय क्षण भर में नष्ट कर देते हैं। (१४३-१४४)

साधु चर्या का वर्णन करते हुए कहा है कि वे साधु धन्य हैं, जो सदैव राग रहित, जिन वचनों में लीन तथा निवृत्त कषाय वाले हैं एवं आसक्ति और ममता रहित होकर अप्रतिबद्ध विहार करने वाले, निरन्तर सद्गुणों में रमण करने वाले तथा मोक्षमार्ग में लीन रहने वाले हैं। (१४७-१४८)

बुद्धिमान् पुरुष के लिए कहा गया है कि वह गुरु के समक्ष सर्वप्रथम अपनी आलोचना और आत्मनिंदा करें, तत्पश्चात् गुरु जो प्रायश्चित दे, उसकी स्वीकृति रूप 'इच्छामि खमासमणो' के पाठ से गुरु को वन्दना करे और गुरु को कहे कि—आपने मुझे निस्तारित किया। (१५१-१५२)

आगे की गाथाओं में समाधिमरण का उल्लेख करते हुए आसक्ति-त्याग पर बल दिया गया है। वस्तुतः आसक्ति ही वह कारण है जो व्यक्ति को बन्धन में डालती है। जिसके कारण व्यक्ति सांसारिक मोह-माया में फँसता जाता है परिणामस्वरूप उसके कर्म बन्धन दृढ़ होते जाते हैं। यह मानव स्वभाव है कि व्यक्ति सांसारिक वस्तुओं यथा—सोना-चाँदी, दास-दासी, धन-वैभव आदि भौतिक सम्पदाओं तथा स्वजन-परजन आदि के प्रति अपना ममत्व भाव रखता है और इन हेय पदार्थों को उपादेय मान लेता है, परिणामस्वरूप वह जन्म-मरण के भव-चक्र में पड़ जाता है। किन्तु मनुष्य के मृत्यु समय में न तो परिजन सहायक होते हैं और न ही नाना प्रकार की भौतिक सम्पदा ही उसकी सहायता कर पाती है। सम्भवतः यही कारण है कि प्रत्येक जैन मतावलम्बी अपने जीवन के

अन्तिम क्षण में समस्त प्रकार के क्लेषों से मुक्त होकर तथा राग-द्वेष को छोड़कर भगवान् जिनदेव से प्रार्थना करता है कि हे भगवन् ! मैं समाधि-मरण के पथ पर चलना चाहता हूँ, इस दिशा में मेरा मार्गदर्शन करो तथा मुझे इतनी शक्ति प्रदान करो कि मैं आसक्ति के सारे बन्धनों को काटकर वोधि प्राप्त कर सकूं और मानव जीवन पाने का यथार्थ लाभ प्राप्त कर सकूँ।

समाधिमरण लेने वाले कि तुलना एक कुशल व्यापारी से की जा सकती है। सोना-चाँदी, हीरे-जवाहरात का व्यापार करने वाले व्यापारी को यह कभी इष्ट नहीं होगा कि उसके सामान को किसी प्रकार से नुक-सान पहुँचे। कदाचित् परिस्थितिवश उसके सामान को नुकसान पहुँचने लगता है। तो पहले तो वह अपने सारे सामान को वचाने का प्रयास करता है, किन्तु जव ऐसा कर पाना उसके लिए सहज नहीं रहता है तो वह वहुमूल्य वस्तुओं को नष्ट होने से वचाता है और अल्प-मूल्य वाली वस्तुओं को नष्ट होने देता है।

समाधिमरण का व्रत लेने वाला साधक भी ठीक उसी व्यापारी की तरह शरीर एवं उसमें उपस्थित सद्‌गुणों की रक्षा करता है। शरीर भी एक प्रकार से सांसारिक वस्तु ही है और सामान्यतया प्रत्येक प्राणी को सबसे अधिक आसक्ति अपने शरीर से ही होती है। वीमारी हो जाने की अवस्था में भी वह शरीर की रक्षा का भरसक प्रयास करता है, किन्तु जव उसे यह ज्ञात हो जाता है कि वह अपने शरीर की रक्षा नहीं कर पाएगा तो वह शरीर के प्रति अपनी आसक्ति का त्याग करके उसमें रहने वाले सद्‌गुणों की ही रक्षा करता है। यहाँ यह कथन करने का हमारा अभिप्राय मात्र यह है कि समाधिकरण के इच्छुक व्यक्ति सांसारिक वस्तुओं के प्रति किसी तरह की आसक्ति नहीं रखते हैं। वे इस हेतु अपने शरीर के मोह का भी त्याग कर देते हैं। उनके लिए संसार के समस्त वैभव, सुख-दुःख, भोग-विलास, सोना-चाँदी दास-दासी, वन्धु-बान्धव आदि सभी कुछ आत्म समाधि की अपेक्षा तुच्छ है।

ग्रन्थ का समापन यह कहकर किया गया है कि—विनय गुण, आचार्य गुण, शिष्य-गुण, विनय-गुण, ज्ञान गुण, चारित्र-गुण और मरण गुण विधि को सुनकर उन्हें उसी प्रकार धारण करें, जिसप्रकार वे शास्त्र में प्रति-पादित हैं। इस प्रकार की साधना से गर्भवास में निवास करने वाले जीवों के जन्म-मरण, पुनर्भव, दुर्गति और संसार में गमनागमन समाप्त हो जाते हैं (१७४-१७५)।

चन्द्रवेध्यक प्रकीर्णक और अन्य आगम ग्रन्थ
तुलनात्मक विवरण

[१] जह दीवा दीवसयं पइप्पए सो य दिप्पए दीवो ।
दीवसमा आयरिया दिप्पंति, परं च दीवेंति ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ३०)

[२] विणओ मोक्खद्दारं विणयं मा हू कयाइ छड्डेज्जा ।
अप्पसुओ वि हु पुरिसो विणएण खवेइ कम्माइं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ५४)

[३] पुव्विं परूविओ जिणवरेहिं विणओ अणंतनाणीहिं ।
सव्वासु कम्मभूमिसु निच्चं चिय मोक्खमग्गम्मि ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ६१)

[४] बहुयं पि सुयमहीयं किं काही विणयविप्पहीणस्स ? ।
अंधस्स जह पलित्ता दीवसयसहस्सकोडी वि ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ६६)

[५] नादंसणिस्स नाणं, न वि अन्नाणिस्स होंति करणगुणा ।
अगुणस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमुत्तस्स नेव्वाणं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ७६)

[६] नाणं पगासगं, सोहओ तवो, संजमो य गुत्तिकरो ।
तिण्हं पि समाओगे मोक्खो जिणसासणे भणिओ ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८०)

[१] (i) जह दीवा दीवसयं, पईप्पए सो य दिप्पए दीवो।
दीवसमा आयरिया, अप्पं च परं च दीवंति ॥
(उत्तराध्ययन निर्युक्ति, गाथा ८)

(ii) जह दीवा दीवसयं पइप्पई सो अ दिप्पई दीवो।
दीवसमा आयरिया दिप्पंति परं च दीवंति ॥
(दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा ३१)

(iii) जह दीवा दीवसतं पइप्पए, दिप्पए य सो दीवो।
दीवसमा आयरिया दिप्पंति, परं च दीवेंति ॥
(अनुयोगद्वार-मधुकर मुनि, गाथा १२६)

[२] विणयो सासणे मूलं विणीतो संजतो भवे।
विणया विप्पमुक्कस्स कतो धम्मो कतो तवो ॥
(विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ४१९४)

[३] पुव्वं चेव य विणओ परूविदो जिणवरेहिं सव्वेहिं।
सव्वासु कम्मभूमिसु णिच्चं मोक्खमग्गम्मि ॥
(मूलाचार, भाग २, गाथा ५८१)

[४] सवहुँपि सुयमहीयं, किं काही ? चरणविप्पहीणस्स।
अंधस्स जह पलित्ता, दीवसयसहस्सकोडीवि ॥
(आवश्यक निर्युक्ति, गाथा ९८)

[५] नादंसणिस्स नाणं नाणेण विणा न हुन्ति चरणगुणा।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं ॥
(उत्तराध्ययनसूत्र, अध्ययन २८, गाथा ३०)

[६] (i) नाणं पयासगं सोहओ तवो संजमो य गुत्तिकरो।
तिण्हंपि समाजोगे, मोक्खो जिणसासणे भणिओ ॥
(आवश्यक निर्युक्ति, गाथा १०३)

(ii) णाणं पयासयं चिय गुत्ति विसुद्धिफलं च जं चरणं।
मोक्खो य दुगाधीणो चरणं णाणस्स तो सारो ॥
(विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ११२७)

(iii) नाणं पयासओ साधओ तवो संजमो य गुत्तिकरो।
तिण्हंपि समाओगे मोक्खो जिणसासणे दिट्ठो ॥
(भगवती आराधना, भाग १, गाथा ७६८)

(iv) नाणं पयासओ तओ साधओ संजमो य गुत्तिकरो।
तिण्हं पि संपजोगे होदि हु जिणसासणे मोक्खो ॥
(मूलाचार, भाग २, गाथा ९०१)

[७] किं एत्तो लट्ठयरं अच्छेरतरं च सुन्दरतरं च ? ।
चंदमिव सव्वलोगा वहुस्सुयमुहं पलोएंति ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८१)

[८] सूई जहा ससुत्ता न नस्सई कयवरम्मि पडिया वि ।
जीवो तहा ससुत्तो न नस्सइ गओ वि संसारे ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८३)

[९] सूई जहा असुत्ता नासइ सुत्ते अदिस्समाणम्मि ।
जीवो तहा असुत्तो नासइ मिच्छत्तसंजुत्तो ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८४)

[१०] परमत्थम्मि सुदिट्ठे अविणट्ठेसु तव-संजमगुणेसु ।
लब्भइ गई विसिट्ठा सरीरसारे विणट्ठे वि ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८५)

[७] किं एत्तो लट्ठयरं अच्छेरतरं व सुंदरतरं वा ?।
चंदमिव सव्वलोगा बहुस्सुयमुहं पलोएंति ॥
(मरणविभक्ति, गाथा १४४)

[८] (i) जहा सुई ससुत्ता, पडिया वि न विणस्सइ।
तहा जीवे ससुत्ते संसारे न विणस्सइ ॥
(उत्तराध्ययन सूत्र, अध्ययन २९, गाथा ६०)

(ii) सूई जहा ससूत्ता, न नस्सई कयवरम्मि पडिया वि।
जीवो वि तह ससुत्तो न नस्सइ गओ वि संसारे ॥
(भक्तपरिज्ञा, गाथा ८६)

(iii) सूई जहा ससुत्ता ण णस्सदि दु पमाददोसेण।
एवं ससुत्तपुरिसो ण णस्सदि तहा पमाददोसेण ॥
(मूलाचार, भाग २, गाथा ९७३)

(iv) पुरिसो वि जो ससुत्तो ण विणासइ सो गओ वि संसारे।
सच्चेदण पच्चक्खं णासदि तं सो अदिस्समाणो वि ॥
(सूत्रपाहुड, गाथा ४)

[९] (i) जाव य सुई न नासइ, जाव य जोगा न ते पराहीणा।
सद्धा व जा न हायइ, इंदिय जोगा अपरिहीणा ॥
(मरणविभक्ति, गाथा १५४)

(ii) सुत्तं हि जाणमाणो भवस्स भवणासणं च सो कुणदि।
सूई जहा असुत्ता णासदि सुत्ते सहा णो वि ॥
(सूत्रपाहुड, गाथा ३)

[१०] परमत्थम्मि सुदिट्ठे अविणट्ठेसु तव-संजमगुणेसु।
लब्भइ गई विसुद्धा सरीरसारे विणट्ठम्मि ॥
(मरण विभक्ति, गाथा १५०)

[११] वारसविहम्मि वि तवे सब्भितरबाहिरे जिणक्खाए ।
न वि अत्थि न वि य होही सज्झायसमं तवोकम्मं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ८९)

[१२] एक्कम्मि वि जम्मि पए संवेगं वच्चए नरोऽभिक्खं ॥
तं तस्स होइ नाणं जेण विरागत्तणमुवेइ ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ९३)

[१३] एक्कम्मि वि जम्मि पए संवेगं वीयरागमग्गम्मि ।
वच्चइ नरो अभिक्खं तं मरणंते न मोत्तव्वं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ९४)

[१४] एक्कम्मि वि जम्मि पए संवेगं कुणइ वीयरायमए ।
सो तेण मोहजालं खवेइ अज्झप्पजोगेणं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ९५)

[११] (i) वारसविहम्मि वि तवे सब्भिंतर वाहिरे कुसलदिट्ठे ।
अगिलाइ अणाजीवी नायव्वो सो तवायारो ॥
(दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा १८६)

(ii) वारसविहम्मि वि तवे अब्भिंतर-वाहिरे कुसलदिट्ठे ।
न वि अत्थि न वि य होही सज्झायसमं तवोकम्मं ॥
(मरणविभक्ति, गाथा १२८)

(iii) वारसविहम्मि वि तवे सऽब्भिंतरवाहिरे जिणक्खाए ।
न वि अत्थि न वि य होहिइ सज्झायसमं तवोकम्मं ॥
(आराधनापताका, गाथा ५८९)

(iv) बारसविहम्मि य तवे सब्भंतरवाहिरे कुसलदिट्ठे ।
ण वि अत्थि ण वि य होहिदि सज्झायसमं तवोकम्मं ॥
(भगवती आराधना, भाग १, गाथा १०६)

(v) वारसविधह्मि य तवे सब्भंतरवाहिरे कुसलदिट्ठे ।
ण वि अत्थि ण वि य होहिदि सज्झायसमं तवोकम्मं ॥
(मूलाचार, भाग २, गाथा ९७२)

[१२] एक्कम्मि वि जम्मि पत्ते संवेगं कुणति वीयरागमते ।
तं तस्स होति णाणं जेण विरागत्तणमुवेत्ति ॥
(विशेषावश्यकभाष्य, गाथा ३५७७)

[१३] (i) एगम्मि वि जम्मि पए संवेगं वीयरायमग्गम्मि ।
गच्छइ नरो अभिक्खं तं मरणं तेण मरियव्वं ॥
(आतुर प्रत्याख्यान (१), गाथा ६०)

(ii) एक्कम्मि वि जम्मि पदे संवेगं वीदरायमग्गम्मि ।
गच्छदि णरो अभिक्खं तं मरणंते ण मोत्तव्वं ॥
(भगवती आराधना, भाग १, गाथा ७७४)

(iii) एक्कह्मि विदियह्मि पदे संवेगो वीयरायमग्गम्मि ।
वच्चदि णरो अभिक्खं तं मरणंते ण मोत्तव्वं ॥
(मूलाचार, भाग १, गाथा ९३)

[१४] (i) एक्कम्मि वि जम्मि पए संवेगं कुणइ वीयरायमए ।
सो तेण मोहजालं छिंदइ अज्झप्पयोगेणं ॥
(महाप्रत्याख्यान, गाथा १०४)

(ii) एक्कम्मि वि जम्मि पत्ते संवेगं कुणति वीतरागमते ।
सो तेण मोहजालं छिन्दति अज्झप्पजोगेणं ॥
(विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ३५७८)

[१५] न हु मरणम्मि उवग्गे सक्का बारसविहो सुयक्खंधो ।
सव्वो अणुचिंतेउं धणियं पि समत्थचित्तेणं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ९६)

[१६] आराहणोवउत्तो सम्मं काऊण सुविहिओ कालं ।
उक्कोसं तिण्णि भवे गंतूण लभेज्ज निव्वाणं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ९८)

[१७] लद्धूण वि माणुस्सं सुदुल्लहं जे पुणो विराहेंति ।
ते भिन्नपोयसंजत्तिगा व पच्छा दुही होंति ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा १०५)

[१८] सम्मत्तं अचरित्तस्स हवइ, जह कण्ह-सेणियाणं तु ।
जे पुण चरित्तमंता तेंसिं नियमेण सम्मत्तं ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा १११)

[१९] भट्ठेण चरित्ताओ सुट्ठुयरं दंसणं गहेयव्वं ।
सिज्झंति चरणरहिया, दंसणरहिया न सिज्झंति ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ११२)

[२०] उक्कोसचरित्तो वि य पडेइ मिच्छत्तभावओ कोइ ।
किं पुण सम्मद्दिट्ठी सरागधम्मम्मि वट्टंतो ॥
(चन्द्रवेध्यक, गाथा ११३)

[१५] (i) न हु मरणम्मि उवग्गे सक्का वारसविहो सुयक्खंधो।
सव्वो अणुचिंतेउं धंतं पि समत्थचित्तेणं॥
(महाप्रत्याख्यान, गाथा १०२)

(ii) न हु तम्मि देसकाले सक्को वारसविहो सुयक्खंधो।
सव्वो अणुचिंतेउं धणियं पि समत्थचित्तेणं॥
(आतुरप्रत्याख्यान, गाथा ५९)

[१६] (i) आराहणाइ जुत्तो सम्मं काऊण सुविहिओ कालं।
उक्कोसं तिण्णि भवे गंतूण लभेज्ज निव्वाणं॥
(ओघनिर्युक्ति, गाथा ८०८)

(ii) आराहणोवउत्तो सम्मं काऊण सुविहिओ कालं।
उक्कोसं तिण्णि भवे गंतूण लभेज्ज नेव्वाणं॥
(महाप्रत्याख्यान, गाथा १३१)

(iii) आराहणावउत्तो कालं काऊण सुविहिओ सम्मं।
उक्कोसं तिन्नि भवे गंतूण लहइ निव्वाणं॥
(आतुर प्रत्याख्यान, गाथा ६२)

(iv) आराहण उवजुत्तो कालं काऊण सुविहिओ सम्मं।
उक्कस्सं तिण्णि भवे गंतूण य लहइ निव्वाणं॥
(मूलाचार, भाग १, गाथा ९७)

[१७] माणुस्सं विग्गहं लद्धुं सुई धम्मस्स दुल्लहा।
जं सोच्चा पडिवज्जन्ति तवं खन्तिमहिंसयं॥
(उत्तराध्ययनसूत्र, अध्याय ३, गाथा ८)

